# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

परिवहन नाकों से प्राप्त राजस्व

1. (*क्र. 1627) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्तमान में कितने परिवहन नाके संचालित हैं ? क्या समस्त नाकों में कम्प्यूटरीकृत धर्मकांटे स्थापित किये जा चुके हैं ? (ख) प्रदेश के परिवहन नाकों में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में 14-2-2008 तक कितनी राजस्व की वसूली की जा चुकी है ? नाकेवार जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) प्रदेश में वर्तमान में 15 परिवहन नाके एवं 02 उप नाके कुल 17 परिवहन नाके संचालित हैं. इन परिवहन नाकों में कम्प्यूटरीकृत धर्मकांटे स्थापित नहीं हैं. (ख) प्रदेश के परिवहन नाकों में वर्षवार निम्नानुसार राजस्व वसूली हुई है :—

1. 2006-2007 में रुपये 47,64,56,487/- (रु. सैंतालीस करोड़ चौसठ लाख छप्पन हजार चार सौ सतासी) की वसूली की गई है.

2. 2007-2008 में दिनांक 14-2-2008 तक रुपये 45,72,40,649/- (रु. पैंतालीस करोड़ बहत्तर लाख चालीस हजार छः सौ उन्चास) राजस्व की वसूली की गई है. नाकेवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

जशपुर के उद्यानिकी विभाग में अनियमितता की जांच

2. (*क्र. 1416) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या जशपुर के उद्यानिकी विभाग में हुई अनियमितताओं की जांच सहायक संचालक उद्यानिकी, संचालनालय, रायपुर द्वारा की गई थी ? यदि हां, तो जांच में क्या अनियमितता पायी गई, तथा किनको दोषी पाया गया है और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेधाराम साहू) : जी हां. जांच प्रतिवेदन में निम्नानुसार अनियमितताएं प्रतिवेदित की गई हैं :—

(1) वर्ष 2000-01 से 2004-05 के दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी, जशपुर द्वारा रुपये 1,17,40,733.00 (रुपये एक करोड़ सत्रह लाख चालीस हजार सात सौ तैंतीस) का नियम विरुद्ध नगद भुगतान किया गया.

(2) तत्कालीन अधिकारियों द्वारा नियम विरुद्ध अग्रिम आहरण एवं आगामी वित्तीय वर्ष में उसी राशि का वास्तविक व्यय किया गया.

शिकायत की अवधि में सहायक संचालक उद्यान, जशपुर के पद पर श्री एच. एल. सिंह एवं श्री टी. एच. पैकरा, प्रभारी सहायक संचालक उद्यान के रूप में कार्यरत थे. कुछ मुद्दे स्पष्ट न होने के कारण संचालनालय उद्यानिकी द्वारा स्पष्ट जांच प्रतिवेदन चाहा गया है. स्पष्ट जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जावेगी.

---

† परिशिष्ट "एक"

## मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में जलग्रहण हेतु स्वीकृत कार्य

3. ( *क्र. 628 ) **श्री चन्द्रभान बारमते** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2006-07 एवं चालू वर्ष 2007-08 में जनवरी 2008 तक की अवधि में भूमि संरक्षण ( कृषि विभाग ) के अंतर्गत मुंगेली विधान सभा क्षेत्रांतर्गत विकासखण्ड मुंगेली, लोरमी एवं पण्डरिया में कुल कितने ( जलग्रहण ) राष्ट्रीय जलग्रहण, एनीकेट एवं स्टाप डेम के कार्य स्वीकृत किये गये ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : कृषि विभाग की भूमि संरक्षण शाखा द्वारा मुंगेली विधान सभा क्षेत्रांतर्गत विकासखण्ड-मुंगेली में वर्ष 2006-07 में राष्ट्रीय जलग्रहण क्षेत्र विकास कार्यक्रम के 26 कार्य एवं एनीकट निर्माण के 11 कार्य कुल 37 कार्य स्वीकृत किये गये. विधान सभा क्षेत्र मुंगेली के अंतर्गत विकासखण्ड-लोरमी एवं पण्डरिया में कोई कार्य स्वीकृत नहीं किये गये. वर्ष 2007-08 में जनवरी 2008 तक की अवधि में स्वीकृत कार्य निरंक है.

## एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यों हेतु सलाहकारों को देय मासिक वेतन एवं भत्ते

4. ( *क्र. 1565 ) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) एशियन डेवलपमेंट बैंक के अंतर्गत कौन-कौन से कन्सलटेंट के कितने कार्य लगाये गये हैं ? ( ख ) कंडिका ( क ) के कार्यों के क्रियान्वयन हेतु सेवानिवृत्त एवं सेवारत कौन-कौन से अधिकारियों का संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति/अतिरिक्त प्रभार कितने-कितने मासिक वेतन एवं अन्य भत्तों की सुविधा के साथ नियुक्ति प्रदान की गयी है ? ( ग ) 2004-05, 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में निर्माण मद, वेतन, यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्तें में कितनी-कितनी राशि व्यय किया गया है ? वर्षवार जानकारी प्रदान करें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) एशियन विकास बैंक से सहायता प्राप्त छ. ग. सिंचाई विकास परियोजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान में निम्नलिखित कन्सल्टिंग फर्म तीन कार्यों के लिये लगाये गये हैं :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | हाइड्रोसल्ट कनाडा | - | पैकेज "A" |
| 2. | केलाग ब्राऊन तथा रूट आस्ट्रेलिया | - | पैकेज "B" |
| 3. | हाइड्रोसल्ट कनाडा | - | पैकेज "C" |

( ख ) कंडिका ( क ) में उल्लेखित कन्सल्टेंट द्वारा क्रियान्वित पैकेज में शासन द्वारा कोई भी सेवानिवृत्त एवं सेवारत अधिकारियों को संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति/अतिरिक्त प्रभार में नियुक्त नहीं किया गया है. ( ग ) इस परियोजना में निर्माण मद, वेतन, यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्तों पर व्यय राशि की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :

( राशि लाख रुपये में )

| स.क्र. | वर्ष | व्यय | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्माण मद | वेतन भत्ते | यात्रा भत्ता | अन्य भत्ते | |
| 1. | 2004-05 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | 2005-06 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | 2006-07 | 7.67 | 6.97 | शून्य | शून्य | 14.64 |
| 4. | 2007-08 ( जनवरी 2008 तक ) | 45.22 | 5.09 | शून्य | 06.55 | 56.86 |
| | **महायोग** | **52.89** | **12.06** | **शून्य** | **06.55** | **71.50** |

महासमुन्द जिले में निःशुल्क गाय एवं बैलजोड़ी का वितरण

5. ( *क्र. 1382) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में 12-2-2008 तक कितने गाय एवं बैलजोड़ी का निःशुल्क वितरण किया गया ? विकासखण्डवार संख्या बतायें ? (ख) 31 जनवरी, 2008 को स्थिति में वितरित गाय बैलों में से कितने की मरने की शिकायत प्राप्त हुई है ? विकासखण्डवार बतायें ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) महासमुन्द जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में दिनांक 12-2-2008 तक गाय एवं बैलजोड़ी का वितरण नहीं किया गया है. (ख) दिनांक 31 जनवरी, 2008 की स्थिति में विकासखण्ड बागबाहरा, जिला-महासमुन्द में पूर्व वितरित गायों में से 729 गायों की मृत्यु हुई.

राजनांदगांव शहर में शिवनाथ नदी में निर्माणाधीन एनीकट संबंधी

6. ( *क्र. 1476) **श्री उदय मुदलियार :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव शहर में शिवनाथ नदी में बनने वाला एनीकट कुल कितनी लागत से बनाया जा रहा है ? एनीकट का निर्माण किस कंपनी या ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है ? (ख) ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के लिए कब अनुबंध किया गया ? निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जाना है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) राजनांदगांव शहर के समीप शिवनाथ नदी पर मोहारा एनीकट का निर्माण रु. 730.05 लाख की लागत से करवाया जा रहा है. एनीकट का निर्माण कार्य ठेकेदार मेसर्स राधेश्याम अग्रवाल, रायगढ़ द्वारा किया जा रहा है. (ख) ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के लिये दिनांक 5-6-2007 को अनुबंध किया गया है. निर्माण कार्य दिनांक 27-10-2008 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है.

बाल श्रमिकों हेतु संचालित शालाएं

7. ( *क्र. 1678) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार के अनुदान पर "बाल श्रमिकों" शिक्षित करने के लिये राज्य में किन-किन जिलों में कितनी-कितनी विशेष प्राथमिक शालायें संचालित हैं ? जिलेवार दर्ज विद्यार्थियों की संख्या तथा संचालन करने वाले एन.जी.ओ. का नाम बतायें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : संचालित शालाओं की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. एन.जी.ओ. की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

किसानों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

8. ( *क्र. 1636) **लाल महेन्द्र सिंह टेकाम :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौंडी के अंतर्गत भोयरटोला बांध में कितने ग्रामों के कितने किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है ? (ख) क्या अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान करना शेष है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के विकासखण्ड डौंडी के अंतर्गत भोयरटोला बांध के निर्माण हेतु 04 ग्रामों के 54 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है. (ख) उपरोक्त "क" में उल्लेखित 04 ग्रामों में से ग्राम धोबेटंड (चिखलाकसा) में प्रभावित कुल 06 कृषकों को भू-अर्जन का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, शेष 03 ग्रामों यथा पथराटोला, कुसुमकसा एवं अरमुरकसा में प्रभावित कुल 48 कृषकों को भू-अर्जन का मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है.

रायगढ़ जिले में मिश्रित खाद का आवंटन

9. ( *क्र. 19) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में विकासखंडवार रबी सीजन 2007-2008 में दिसंबर 2007 एवं जनवरी 2008 में डी.ए.पी., एफको, ग्रोमोर की कितनी-कितनी मात्रा कृषि साख सेवा

† परिशिष्ट "दो"

सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित की गई ? (ख) उक्त अवधि में रसायनिक खादों का विकासखण्डवार कितना-कितना वितरण किया गया था ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) रायगढ़ जिले में रबी सीजन 2007-08 में प्रश्नाधीन अवधि में डी. ए. पी., इफ्को एवं ग्रोमोर का वितरण कृषि साख सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से निम्नानुसार किया गया. विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है.

| माह | डी.ए.पी. | इफ्को | ग्रोमोर |
|---|---|---|---|
| दिसम्बर 2007 | 266 | 18 | 1 |
| जनवरी 2008 | 565 | 33 | 0 |
| **योग** | **831** | **51** | **1** |

(ख) उक्त अवधि में रायगढ़ जिले के विकासखंडों को 5297.450 मिट्रिक टन रसायनिक खादों का वितरण किया गया विकासखंडवार एवं माहवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

मुर्गीपालन योजनांतर्गत आवंटित राशि

10. (*क्र. 797) **श्री चुरावन मंगेशकर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में मुर्गीपालन योजना के लिए केन्द्र शासन से वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कितनी राशि आवंटित की गई ? उनमें कितनी-कितनी राशि जिलेवार दी गई ? (ख) बिलासपुर जिला को इस योजनांतर्गत कितनी राशि दी गई एवं कहां-कहां मुर्गीपालन योजनाएं संचालित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें.

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) प्रदेश में मुर्गीपालन योजना के लिए केन्द्र शासन से वर्ष 2006-07 में राशि, रु. 148.00 लाख एवं वर्ष 2007-08 में राशि रु. 68.58 लाख प्राप्त हुई. वर्ष 2006-07 में केन्द्रांश तथा राज्यांश मिलाकर जगदलपुर जिले को राशि रु. 50.00 लाख तथा बिलासपुर जिले को राशि रु. 35.00 लाख दी गई. वर्ष 2006-07 में शेष राशि प्रदाय हेतु राज्य के बजट में प्रावधान न होने से केन्द्रांश राशि रु. 68.00 लाख वर्ष 2006-07 में विमुक्त नहीं की जा सकी, जिसे वर्ष 2007-08 में केन्द्रांश एवं राज्यांश मिलाकर रायगढ़ जिले को रु. 42.50 लाख तथा जगदलपुर जिले को रु. 42.50 लाख की राशि विमुक्त की गई. वर्ष 2007-08 हेतु भारत सरकार से प्राप्त राशि में राज्यांश मिलाकर रु. 35.25 लाख जिला जगदलपुर तथा रु. 50.48 लाख जिला बिलासपुर को विमुक्ति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. (ख) बिलासपुर जिले को इस योजनांतर्गत वर्ष 2006-07 में केन्द्रांश एवं राज्यांश मिलाकर रु. 35.00 लाख विमुक्त की गई तथा वर्ष 2007-08 में केन्द्रांश तथा राज्यांश मिलाकर राशि रु. 50.48 लाख प्रदाय करने की कार्यवाही वर्तमान में प्रक्रियाधीन है. यह योजना शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, सरकंडा, विकासखण्ड-बिल्हा, जिला बिलासपुर में संचालित है.

सरगुजा जिले में क्रय जैविक खाद की गुणवत्ता की जांच

11. (*क्र. 1666) **श्री कमलभान सिंह** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा जिले में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कुल कितनी राशि की जैविक खाद क्रय की गई है ? (ख) क्या जैविक खाद की गुणवत्ता की जांच करवाई गई है ? यदि हां, तो किस संस्था के द्वारा ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) सरगुजा जिले में उप संचालक कृषि द्वारा वर्ष 2006-07 में रुपये 1218360.00 (बारह लाख अठारह हजार तीन सौ साठ) तथा वर्ष 2007-08 में रुपये 390720.00 (तीन लाख नब्बे हजार सात सौ बीस) का जैविक खाद क्रय किया गया. (ख) वर्ष 2006-07 में क्रय जैविक खाद की गुणवत्ता की जांच नहीं करायी गई एवं वर्ष 2007-08 में क्रय किये गये जैविक खाद के गुणवत्ता परीक्षण हेतु नमूने निर्देशक राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) को भेजे गये हैं. अभी तक जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है.

नदी तट पर स्थित गांवों के कटाव की रोकथाम हेतु कार्यवाही

12. (*क्र. 414) **श्री ताम्रध्वज साहू** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नदी तट के गांव में बाढ़ से हुए कटाव को रोकने के लिये शासन की क्या कार्य योजना है ? (ख) धमधा विधान सभा क्षेत्र में कौन-कौन से गांव नदी तट पर स्थित है ? गांवों के कटाव को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

† परिशिष्ट "तीन"

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव )** : (क) वर्तमान में नदी तट के गांव में बाढ़ से हुए कटाव को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पृथक से निश्चित कार्य योजना नहीं है, किन्तु आवश्यकतानुसार कार्यस्थल की साध्यता के आधार पर नदी तट के कटाव को रोकने हेतु विभाग द्वारा नियमानुसार कार्य कराया जाता है. (ख) धमधा विधान सभा क्षेत्र में नदी तट पर स्थित ग्रामों की सूची † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. नदी तट के कटाव को रोकने हेतु 02 ग्रामों में तटबंध का निर्माण किया जा चुका है, 03 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं 06 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रस्तावित है.

बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले में बैलजोड़ी का वितरण

13. ( *क्र. 1308) **श्री लच्छूराम कश्यप** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितने बैलजोड़ी का वितरण किया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2007-08 में कितने बैलजोड़ी का लक्ष्य रखा गया है ? विकासखण्डवार पृथक-पृथक जानकारी देवें तथा कब तक वितरण संभव है ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू )** : (क) बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में बैलजोड़ी वितरण का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | जिला | वर्ष 2005-06 | वर्ष 2006-07 |
|---|---|---|---|
| 1. | बस्तर | 1202 जोड़ी | 2593 जोड़ी |
| 2. | दन्तेवाड़ा | 1004 जोड़ी | 4811 जोड़ी |

विकासखण्डवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर प्रस्तुत है. (ख) विधान सभा क्षेत्रवार लक्ष्य का निर्धारण नहीं किया गया है. चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विकासखण्डों का वर्ष 2007-08 में कुल 1801 बैलजोड़ी वितरण का लक्ष्य रखा गया है. विकासखण्डवार पृथक-पृथक जानकारी निम्नानुसार है :—

विकासखण्ड लोहाण्डीगुड़ा जिला बस्तर में 942, एवं विकासखण्ड बस्तानार जिला बस्तर में 859 बैलजोड़ी वितरण का लक्ष्य रखा गया है. लक्ष्यानुसार बैलजोड़ी का वितरण वित्तीय वर्ष में ही पूर्ण करने का प्रयास किया जावेगा.

मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाएं

14. ( *क्र. 1593) **श्री चन्दूलाल साहू** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में छुरा/गरियाबंद तथा फिंगेश्वर विकासखंड में मछलीपालन कार्यक्रम के तहत् वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कौन-कौन सी योजनाएं चलाई गई, उस पर कितना-कितना खर्च किया गया ? (ख) उक्त योजना में कितने मछुआरों को प्रदेश के बाहर अध्ययन/भ्रमण हेतु कहां-कहां प्रशिक्षण में ले जाया गया ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू )** : (क) रायपुर जिले में छुरा/गरियाबंद तथा फिंगेश्वर विकासखंड में मछली पालन कार्यक्रम के तहत् वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में चलाई गई योजनाएं एवं उस पर किये गये खर्च की जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट पर अंकित है. (ख) उक्त योजना में 05 मछुआरों को प्रदेश के बाहर अध्ययन/भ्रमण हेतु विशाखापट्नम, एलेरू, कैक्लूरू (आंध्रप्रदेश) भुवनेश्वर (उड़ीसा) ले जाया गया.

रामपुर जलाशय के प्रभावित कृषकों को मुआवजा

15. ( *क्र. 1519) **श्री रामदयाल उइके** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में वर्ष 2008-09 में किन-किन सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति कितनी-कितनी राशि से की गई है ? (ख) क्या उन सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ? (ग) क्या रामपुर जलाशय का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ? यदि हां, तो बांध से प्रभावित किसानों को कितनी-कितनी मौजा राशि दी गयी है ? यदि नहीं, तो कारण बतावें ?

† परिशिष्ट "चार" †† परिशिष्ट "पांच" ‡ परिशिष्ट "छः"

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) वर्ष 2008-09 में जिला-कोरबा के अंतर्गत सिंचाई योजनाओं को स्वीकृत किये जाने का वर्तमान में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. ( ख ) उपरोक्त "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. ( ग ) रामपुर जलाशय के बांध निर्माण कार्य की निविदाओं की स्वीकृति के उपरांत निर्माण एजेंसियों द्वारा अनुबंध किया जा चुका है तथा कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जावेगा. बांध से प्रभावित भूमि के भू-अर्जन प्रकरणों के प्रक्रियाधीन होने से प्रभावित कृषकों को अब तक मुआवजा भुगतान नहीं किया जा सका.

उद्योगों में दुर्घटनाओं में मृत एवं घायलों को मुआवजा

16. ( *क्र. 985 ) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में रायपुर जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगों में से किस-किस उद्योग में कब-कब, कितने-कितने श्रमिकों की दुर्घटनाओं से मृत्यु हुई एवं घायल हुए? अलग-अलग जानकारी देवें ? ( ख ) प्रश्नांश "क" में वर्णित दुर्घटनाओं में मृत एवं घायल व्यक्तियों के नाम एवं उन्हें दी गई मुआवजा, सहायता राशि की जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) एवं ( ख ) मृतकों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" एवं "ब" अनुसार, घायलों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" एवं "द" अनुसार.

विभाग द्वारा क्रय उर्वरक

17. ( *क्र. 1589 ) **मोहम्मद अकबर** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2007-08 में कुल कितने कितने का कौन-कौन सा उर्वरक किससे-किससे कितना-कितना किस दर पर क्रय किया गया है ? ( ख ) क्या छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के पत्र दिनांक 29-11-2007 के द्वारा उर्वरक क्रय समिति को सिंगल सुपर फास्फेट खाद की पुनः दर निर्धारण करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है? यदि हां, तो पुनः निर्धारित दर क्या-क्या है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : ( क ) छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के द्वारा वर्ष 2007-08 में सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से वितरण हेतु विभिन्न उर्वरकों की कुल 3,26,568.810 मेट्रिक टन मात्रा विभिन्न प्रदायकों से क्रय किया गया है. प्रदायकवार, माहवार तथा क्रय दरवार विस्तृत विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. ( ख ) जी हां. सिंगल सुपर फास्फेट की पुनः निर्धारित क्रय दर रु. 3820/- प्रति मेट्रिक टन, कृषक विक्रय दर रु. 4000/- प्रति मेट्रिक टन अर्थात् रु. 200/- प्रति बोरी 50 किलो ग्राम निश्चित की गई है.

शाकम्भरी योजना के तहत लाभान्वित कृषक

18. ( *क्र. 1641 ) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले के अंतर्गत विकासखण्ड-कसडोल एवं बिलाईगढ़ में शाकम्भरी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2007-08 में कितने किसानों को पंप वितरण किया गया है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : रायपुर जिले के अंतर्गत विकासखण्ड-कसडोल एवं बिलाईगढ़ में शाकम्भरी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2007-08 में दिनांक 15-2-2008 तक क्रमशः 62 एवं 145 पंप किसानों को वितरण किया गया है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित पशु औषधालयों की जानकारी

19. ( *क्र. 1601 ) **महंत रामसुन्दर दास** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कितने पशु औषधालय संचालित है, ग्रामवार नाम सहित विकासखण्डवार बतावें ? ( ख ) कितने पशु औषधालय भवन विहीन हैं ? कितने जर्जर हैं ? नाम सहित विकासखण्डवार बतावें ? ( ग ) उक्त पशु औषधालयों में कौन-कौन से पद कितने-कितने स्वीकृत हैं एवं स्वीकृत पद के विरुद्ध कितने-कितने अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : ( क ) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुल 06 पशु औषधालय संचालित हैं. विकासखण्डवार पशु औषधालयों के नाम प्रपत्र "अ" पर †† संलग्न है. ( ख ) भवन विहीन पशु औषधालयों की संख्या "निरंक" है. जर्जर भवन वाले पशु औषधालयों की संख्या 02 है, जिनकी सूची प्रपत्र "ब" पर †† संलग्न है. ( ग ) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्रत्येक पशु औषधालयों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, परिचालक एवं स्वच्छकर्ता/परिचालक सह चौकीदार के एक-एक पद स्वीकृत है. स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरत् अधिकारी/कर्मचारी की जानकारी प्रपत्र "स" पर †† संलग्न है.

---

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ"

भिरई जलाशय सिंचाई क्षमता

20. ( *क्र. 1818) **श्री प्रीतम साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के विकासखण्ड गुरूर के अंतर्गत लघु सिंचाई योजना भिरई जलाशय की रूपांकित क्षमता कितने हेक्टेयर की है तथा रूपांकित क्षमता के विरुद्ध कितनी भूमि में सिंचाई की जाती है ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? (ख) वर्ष 2005-2006, 2006-2007 तथा 2007-2008 में कितने हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग जिले के विकासखण्ड गुरूर के अंतर्गत लघु सिंचाई योजना भिरई जलाशय की रूपांकित सिंचाई क्षमता 87 हेक्टेयर है. रूपांकित क्षमता के विरुद्ध सिंचाई नहीं की जा रही है. सिंचाई नहीं होने का कारण स्लूस गेट, वेस्ट वियर का क्षतिग्रस्त होना तथा नहर का निर्माण नहीं होना है. (ख) वर्ष 2005-2006, 2006-2007 तथा 2007-2008 में सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है.

समोदा डायवर्सन से सिंचित रकबा

21. ( *क्र. 1643) **डॉ. शिवकुमार डहरिया :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महानदी पर बनाये जा रहे राजीव गांधी व्यपवर्तन योजना (समोदा डायवर्सन) से पलारी एवं आरंग विधान सभा क्षेत्र के कितने ग्रामों की कितनी एकड़ भूमि को सिंचित करने की योजना है ? (ख) उक्त योजना की स्वीकृति कब दी थी एवम् किस तारीख से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया ? लागत राशि क्या है, कब तक पूर्ण किया जाना था. (ग) कितना कार्य पूर्ण हो चुका है ? कितना अपूर्ण है ? कब तक पूर्ण होगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) महानदी पर बनाये जा रहे राजीव समोदा-निसदा व्यपवर्तन योजना (समोदा डायवर्सन) से पलारी विधान सभा क्षेत्र के संभावित 89 ग्रामों की लगभग 21236 हेक्टेयर तथा आरंग विधान सभा क्षेत्र के संभावित 16 ग्रामों की लगभग 3937 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ फसल हेतु सिंचाई प्रस्तावित है. (ख) उक्त योजना के प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की स्वीकृति क्रमशः वर्ष 2001 एवं 2003 को प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य क्रमशः दिनांक 10-10-2002 एवं दिनांक 27-7-2006 को प्रारंभ किया गया. प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की प्रस्तावित लागत क्रमशः रु. 97.71 करोड़ एवं रु. 114.45 करोड़ है. प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण को क्रमशः 2008 एवं 2010 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है. (ग) जनवरी 2008 तक प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का निर्माण कार्य क्रमशः 94% एवं 21% पूर्ण है. प्रथम एवं द्वितीय चरण का शेष अपूर्ण कार्य क्रमशः 2008 एवं 2010 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है.

औद्योगिक इकाईयों में श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच

22. ( *क्र. 1417) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में रायपुर जिले की औद्योगिक इकाईयों में हुई दुर्घटनाओं से कितने श्रमिकों की मौत हुई ? (ख) कंडिका "क" के संस्थानों में श्रमिकों की सुरक्षा संबंधी जांच के लिए मुख्य कारखाना निरीक्षक ने इस दौरान कहां-कहां और कब-कब जांच की ? (ग) कंडिका "क" के उद्योगों के प्रबंधकों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) 66. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ग) 52 प्रकरणों में अभियोजन श्रम न्यायालय में दायर किये जा चुके हैं. शेष 05 प्रकरणों में अभियोजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में "शाकम्भरी योजना" के तहत कृषकों को प्रदत्त अनुदान

23. ( *क्र. 1315) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में "शाकम्भरी योजना" अंतर्गत कितने कृषकों को विद्युत एवं डीजल पंप तथा कुआं निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि दी गई ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू) : चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में "शाकम्भरी योजना" अंतर्गत

† परिशिष्ट "नौ"

कृषकों को विद्युत पंप डीजल पंप तथा कुआं निर्माण हेतु प्रदायित अनुदान राशि का विवरण इस प्रकार है :—

| स.क्र. | घटक | वर्ष 2005-06 | | वर्ष 2006-07 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कृषक संख्या | अनुदान राशि रु. | कृषक संख्या | अनुदान राशि रु. |
| 1. | विद्युत पंप | 11 | 76,725 | 12 | 82,150 |
| 2. | डीजल | 14 | 1,10,250 | 1 | 11,175 |
| 3. | कूप निर्माण | 6 | 58,960 | 3 | 51,300 |

### उद्योगों में दुर्घटनाओं में मृत एवं घायलों को मुआवजा

24. ( *क्र. 457) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले 01 जनवरी, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक उद्योगों में कितनी मौतें हुई ? कितने घायल हुए ? (ख) प्रश्नाधीन अवधि में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों या उनके परिवारों को कितनी राशि मुआवजा/सहायता के रूप में दी गई ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव ) :** (क) 41 मौत और 14 श्रमिक घायल. (ख) रुपये 6,60,000 की मुआवजा राशि प्रदान की गई.

### शाकम्भरी योजना अंतर्गत प्रदत्त सुविधा

25. ( *क्र. 710) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के किन-किन विकासखण्डों में शाकम्भरी योजना संचालित है ? योजना में कौन-कौन सी सुविधा प्रदान की जाती है ? (ख) धमधा विकासखण्ड अंतर्गत इस योजना के लिये जनवरी 2007 से दिसम्बर 2007 की स्थिति में कितने हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू ) :** (क) दुर्ग जिले के सभी 12 विकासखण्डों में शाकम्भरी योजना संचालित है. योजनांतर्गत 2 हेक्टेयर अथवा 5 एकड़ तक भूमि धारण करने वाले कृषकों को सिंचाई हेतु पंप क्रय पर 75% अधिकतम रु. 11,625/- एवं कूप निर्माण पर 50% अधिकतम रु. 17,100/- का अनुदान दिया जाता है. (ख) धमधा विकासखण्ड अंतर्गत जनवरी 2007 से दिसंबर 2007 के मध्य पंप हेतु 34 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं तथा कूप निर्माण हेतु कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है.

---------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 1627) के भाग (ख) की जानकारी ]

| स. क्र. | बेरियर का नाम | वर्ष 2006-2007 | वर्ष 2007-2008 (दिनांक 14-02-2008) तक |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | वाड्रफनगर | 2,82,59,017.00 | 2,78,30,670.00 |
| 2. | रामानुजगंज | 33,15,645.00 | 32,71,000.00 |
| 3. | घुटरीटोला | 18,95,852.000 | 20,43,409.00 |
| 4. | चांटी | 4,39,139.00 | 5,79,584.00 |
| 5. | केंवची | 49,45,996.00 | 38,79,540.00 |
| 6. | धनपूंजी | 89,84,183.00 | 87,27,401.00 |
| 7. | कोन्टा | 91,26,499.00 | 75,75,110.00 |
| 8. | रेंगारपाली | 94,16,940.00 | 1,37,67,380.00 |
| 9. | शंख | 3,39,06,204.00 | 3,40,18,307.00 |
| 10. | भगतदेवरी | 10,46,37,047.00 | 9,94,01,036.00 |
| 11. | बागबहारा | 37,74,163.00 | 37,67,530.00 |
| 12. | पाटेकोहरा | 23,75,33,592.00 | 22,26,67,836.00 |
| 13. | छोटा मानपुर | 17,39,064.00 | 15,34,938.00 |
| 14. | मानपुर | 12,06,865.00 | 15,36,405.00 |
| 15. | चिल्फी | 2,33,48,203.00 | 2,43,10,221.00 |
| 16. | बरमकेला (उप जांच चौकी) | 6,31,090.00 | 9,02,920.00 |
| 17. | लवाकेरा (उप जांच चौकी) | 32,96,988.00 | 14,27,362.00 |
| | **कुल योग** | **47,64,56,487.00** | **45,72,40,649.00** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 1678) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**विशेष प्राथमिक शालाओं की जानकारी एवं दर्ज विद्यार्थियों की संख्या निम्नानुसार है :—**

| क्रमांक | जिले का नाम जिनमें विशेष बाल श्रमिक शालाएं संचालित हैं | बाल श्रमिक शालाओं की संख्या | जिलेवार दर्ज बच्चों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | रायपुर | 103 | 5145 |
| 2. | दुर्ग | 40 | 1912 |
| 3. | बिलासपुर | 25 | 1811 |
| 4. | राजनांदगांव | 20 | 902 |
| 5. | अंबिकापुर | 24 | 1550 |
| 6. | रायगढ़ | 15 | 715 |
| | **कुल योग** | **227** | 12035 |

प्रपत्र "ब"

## जिलेवार विशेष बाल श्रमिक संचालित करने वाले एन. जी. ओ. के नाम

| क्रमांक (1) | विशेष बाल श्रमिक संचालित करने वाले एन. जी. ओ. के नाम (2) |
|---|---|
| **रायपुर जिला** | |
| 1. | महिला मंच रोहिणीपुरम, रायपुर |
| 2. | जय संतोषी महिला समिति, रायपुर |
| 3. | ऐश्वर्य शक्ति समाज कल्याण सेवा समिति, रायपुर |
| 4. | स्वाभिमान महिला स्व शक्ति संस्थान, रायपुर |
| 5. | टापर्स एजुकेशनल सोसायटी बैजनाथ पारा, रायपुर |
| 6. | विनीला एजुकेशन कमेटी, डी. डी. नगर, रायपुर |
| 7. | सिद्धश्री शीतला सेवा समिति भाटापारा, रायपुर |
| 8. | शिव मंगल महिला समिति, रायपुर |
| 9. | लोकहित विकास संस्थान देवेन्द्र नगर, रायपुर |
| 10. | जन सेवक समिति चौबे कालोनी, रायपुर |
| 11. | कीर्ति कल्याण समिति भोईपारा, रायपुर |
| 12. | समता महिला मंडल शंकरनगर, रायपुर |
| 13. | मोहल्ला विकास समिति सर्वोदय नगर, रायपुर |
| 14. | नव-जागृति महिला मंडल सक्ती, बिलासपुर |
| 15. | छत्तीसगढ़ सेवा परिषद् आमापारा, रायपुर |
| 16. | सहर्ष शिक्षण समिति, रायपुर |
| 17. | पर्यावरण स्वास्थ्य एवं शिक्षण समिति, रायपुर |
| 18. | सूर्या सामाजिक हीरापुर, रायपुर |
| 19. | युग-युगांतर खमतराई, रायपुर |
| 20. | एक्टिव एजुकेशनल सोसायटी, रायपुर |
| 21. | आदर्शदीप अक्षमता डी. डी. नगर, रायपुर |
| 22. | छत्तीसगढ़ युवक समाज बैहार, रायपुर |
| 23. | सहायता महिला मंडल सुभाष स्टेडियम, रायपुर |
| 24. | नव-ज्योति सिन्हा शिक्षण समिति बरोंडा, राजिम |
| 25. | संकल्प सांस्कृतिक समिति शंकरनगर, रायपुर |
| 26. | जय छत्तीसगढ़ महिला समिति, रायपुर |
| 27. | महाकौशल विकास समिति डंगनिया, रायपुर |
| 28. | राष्ट्रीय दिशा मंच सिद्धार्थ चौक, रायपुर |
| 29. | आदर्श महिला मंडल, राजिम |
| 30. | छत्तीसगढ़ विचार विकास मंच, रायपुर |
| 31. | युवा मित्र मंडल समिति, चौबे कालोनी, रायपुर |
| 32. | श्री समवर्ती समूह संस्था सुंदरनगर, रायपुर |
| 33. | नव-ज्योति महिला मंडल, पेंशनबाड़ा, रायपुर |

| (1) | (2) |
|---|---|
| 34. | अर्पण कल्याण समिति, रायपुर |
| 35. | पंकज नर्सरी एजुकेशनल सोसायटी, रायपुर |
| 36. | एक्शन हेल्थ सोसायटी, रायपुर |
| 37. | छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद्, रायपुर |
| 38. | ग्राम स्वराज सेवा संस्थान, रायपुर |
| 39. | विश्वास महिला कल्याण समिति, काशीराम नगर, रायपुर |
| 40. | जय साई सेवा समिति, डीडी नगर, रायपुर |
| **दुर्ग जिला** | |
| 41. | केरियर एजुकेशन सोसायटी, बिनया पारा दुर्ग |
| 42. | जन कल्याण समिति, जुनवानी भिलाई |
| 43. | स्वामी आत्मानंद प्रतिष्ठान, कसारीडीह, दुर्ग |
| 44. | जिला साक्षरता समिति कसारीडीह, दुर्ग |
| 45. | बाल विकास शिक्षण समिति, रूवांबांधा भिलाई |
| 46. | गुणोत्तर शिक्षण समिति, कोहका भिलाई |
| 47. | जैन नवयुवक मंडल, धमधा जिला दुर्ग |
| 48. | नत्थू सिंह महिला सेवा समिति, खुर्सीपार भिलाई |
| 49. | बेरोजगार महिला सेवा समिति, खुर्सीपार भिलाई, जिला दुर्ग |
| 50. | हरियाला मेमोरियल शिक्षण समिति, तितुरडीह दुर्ग |
| 51. | सिद्धार्थ शिक्षण समिति, केम्प 2, भिलाई, जिला दुर्ग |
| 52. | संभागीय मुस्लिम महिला सेवा समिति, केम्प 1, भिलाई |
| 53. | रोटरी क्लब, भिलाई, जिला दुर्ग |
| 54. | मधु मेमोरियल ट्रस्ट, नेहरू नगर भिलाई, जिला दुर्ग |
| 55. | अवंती महिला एवं बाल विकास समिति, भिलाई 03, जिला दुर्ग |
| 56. | स्वामी आत्मानंद शिक्षण समिति, भिलाई 3, जिला दुर्ग |
| 57. | जन सेवक समिति, भिलाई 3, जिला दुर्ग (छ. ग.) |
| 58. | विद्यानंद हेल्थ केयर सोसायटी भिलाई, जिला दुर्ग |
| **बिलासपुर जिला** | |
| 59. | लायंस क्लब, बिलासपुर |
| 60. | समर्पित संस्था, बिलासपुर |
| 61. | बिलासपुर सेवा भारती |
| 62. | विकास सेवा संस्था |
| 63. | छ. ग. हेण्डीकेप वेलफेयर सोसायटी |
| 64. | भारतीय जन समिति, रायपुर |
| 65. | छ. ग. रेंजर्स यूथ फोरम, बिलासपुर |
| 66. | सरस्वती बाल कल्याण शिक्षण समिति, लोरमी |
| 67. | प्रांतीय विकास संस्थान, पेन्ड्रा |

| (1) | (2) |
|---|---|
| 68. | कार्यालय बाल श्रमिक परियोजना बिलासपुर द्वारा संचालित |
| 69. | लायंस क्लब, अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा |

राजनांदगांव जिला

| | |
|---|---|
| 70. | सामुदायिक विकास समिति मोतीपुर, राजनांदगांव |
| 71. | ------,,------ बसंतपुर, राजनांदगांव |
| 72. | ------,,------ गौरीनगर, राजनांदगांव |
| 73. | ------,,------ लखोली, राजनांदगांव |
| 74. | सूर्यमुखी महिला मंडल, हरदी, राजनांदगांव |
| 75. | संकल्प सांस्कृति समिति चिखली, राजनांदगांव |
| 76. | समता शिक्षण समिति, राजनांदगांव |
| 77. | लायंस क्लब, खैरागढ़ |
| 78. | प्रियंका मानिक संगीत महाविद्यालय, डोंगरगढ़ |
| 79. | प्रगति महिला मंडल, बल्देवबाग, राजनांदगांव |

रायगढ़ जिला

| | |
|---|---|
| 80. | लायंस क्लब, रायगढ़ |
| 81. | सर्वेश्वरी समूह खरसिया, जिला रायगढ़ |
| 82. | ग्रामीण महिला समिति लैलूंगा, जिला रायगढ़ |
| 83. | लोकसेवी कार्यकर्ता परिवार ट्रस्ट, लैलूंगा, जिला रायगढ़ |
| 84. | नेहरू युवा केन्द्र, रायगढ़ |
| 85. | ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान, तमनार, जिला रायगढ़ |
| 86. | श्री सुर्भमाराम सेवा समिति, शेखरपुर, जिला रायगढ़ |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्र. 19) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

रबी सीजन 2007-08 में विकासखंडवार समितियों के माध्यम से वितरित डी. ए. पी., इफ्को एवं ग्रोमोर की जानकारी

| क्र. | विकासखंड | डी. ए. पी. | | | इफ्को | | | ग्रोमोर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | रायगढ़ | 46 | 135 | 181 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | पुसौर | 35 | 34 | 69 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | घरघोड़ा | 2 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | सारंगढ़ | 23 | 40 | 63 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | बरमकेला | 147 | 260 | 407 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | खरसिया | 9 | 29 | 38 | 14 | 8 | 22 | 1 | 0 | 1 |
| 7. | तमनार | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | लैलूंगा | 0 | 10 | 10 | 0 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | धरमजयगढ़ | 4 | 53 | 57 | 3 | 21 | 24 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 266 | 565 | 831 | 18 | 33 | 51 | 1 | 0 | 1 |

## प्रपत्र "ब"

## रबी 2007-08 में विकासखंडवार एवं माहवार उर्वरक का वितरण की जानकारी

इकाई मात्रा टन में

| क्र. | विकासखण्ड | डी. ए. पी. | | | एन. पी. के. इफको | | | ग्रोमोर | | | यूरिया | | | सुपर फास्फेट | | | पोटाश | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) | (20) |
| 1. | रायगढ़ | 151.000 | 434.500 | 585.500 | 2.000 | 0.000 | 2.000 | 2.000 | 0.000 | 2.000 | 93.700 | 167.450 | 261.150 | 40.000 | 189.750 | 229.750 | 42.100 | 76.400 | 118.500 |
| 2. | पुसौर | 100.000 | 200.000 | 300.000 | 3.000 | 0.000 | 3.000 | 3.000 | 0.000 | 3.000 | 7.000 | 15.000 | 22.000 | 40.000 | 50.000 | 90.000 | 18.000 | 42.000 | 60.000 |
| 3. | सारंगढ़ | 99.350 | 145.150 | 244.500 | 4.000 | 0.000 | 4.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 19.950 | 137.100 | 157.050 | 23.350 | 157.650 | 181.000 | 10.650 | 44.100 | 54.750 |
| 4. | बरमकेला | 214.150 | 612.300 | 826.450 | 7.000 | 0.000 | 7.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 65.350 | 176.350 | 241.700 | 40.200 | 159.350 | 199.550 | 49.350 | 58.250 | 107.600 |
| 5. | खरसिया | 94.050 | 274.500 | 368.550 | 4.950 | 5.000 | 9.950 | 0.000 | 0.450 | 0.450 | 18.850 | 23.350 | 42.200 | 24.000 | 65.950 | 89.950 | 22.150 | 25.800 | 47.950 |
| 6. | धरमजयगढ़ | 5.000 | 49.750 | 54.750 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 8.200 | 47.050 | 55.250 | 9.700 | 108.550 | 118.250 | 3.650 | 37.200 | 40.850 |
| 7. | घरघोड़ा | 7.000 | 49.350 | 56.350 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 8.450 | 11.800 | 20.250 | 5.000 | 35.750 | 40.750 | 5.150 | 30.300 | 35.450 |
| 8. | तमनार | 4.000 | 6.000 | 10.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 2.000 | 5.000 | 7.000 | 2.000 | 1.000 | 3.000 | 2.000 | 2.000 | 4.000 |
| 9. | लैलूंगा | 5.000 | 15.000 | 20.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 9.000 | 13.000 | 22.000 | 30.000 | 47.000 | 77.000 | 4.000 | 8.000 | 12.000 |
| | योग | 679.550 | 1786.550 | 2466.100 | 20.950 | 5.000 | 25.950 | 5.000 | 0.450 | 5.450 | 232.500 | 596.100 | 828.600 | 214.250 | 815.000 | 1029.250 | 157.050 | 324.050 | 481.100 |

| क्र. | विकासखण्ड | 20:26:00 | | | 15:15:15 | | | 20:20:10 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग |
| (1) | (2) | (21) | (22) | (23) | (24) | (25) | (26) | (27) | (28) | (29) |
| 1. | रायगढ़ | 15.000 | 35.000 | 50.000 | 5.000 | 4.000 | 9.000 | 12.000 | 8.000 | 20.000 |
| 2. | पुसौर | 17.000 | 23.000 | 40.000 | 3.000 | 2.000 | 5.000 | 6.000 | 9.000 | 15.000 |
| 3. | सारंगढ़ | 8.000 | 12.000 | 20.000 | 2.000 | 3.000 | 5.000 | 4.000 | 6.000 | 10.000 |
| 4. | बरमकेला | 25.000 | 35.000 | 60.000 | 4.000 | 6.000 | 10.000 | 7.000 | 13.000 | 20.000 |
| 5. | खरसिया | 10.000 | 18.000 | 28.000 | 0.000 | 2.000 | 2.000 | 2.000 | 4.000 | 6.000 |
| 6. | धरमजयगढ़ | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 7. | घरघोड़ा | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 2.000 | 2.000 |
| 8. | तमनार | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 9. | लैलूंगा | 0.000 | 5.000 | 5.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| | योग | 75.000 | 128.000 | 203.000 | 14.000 | 17.000 | 31.000 | 31.000 | 42.000 | 73.000 |

| क्र. | विकासखण्ड | 10:26:26 | | | 16:30:10 | | | 16:30:10 | | | महायोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | दिस. 07 | जन. 08 | योग | |
| (1) | (2) | (30) | (31) | (32) | (33) | (34) | (35) | (36) | (37) | (38) | (39) |
| 1. | रायगढ़ | 13.000 | 20.000 | 33.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 1310.900 |
| 2. | पुसौर | 20.000 | 19.000 | 39.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 577.000 |
| 3. | सारंगढ़ | 8.000 | 12.000 | 20.000 | 0.000 | 1.000 | 1.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 697.300 |
| 4. | बरमकेला | 16.000 | 24.000 | 40.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 1.000 | 0.000 | 1.000 | 1513.300 |
| 5. | खरसिया | 8.000 | 12.000 | 20.00 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 615.050 |
| 6. | धरमजयगढ़ | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 269.100 |
| 7. | घरघोड़ा | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 154.800 |
| 8. | तमनार | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 24.000 |
| 9. | लैलूंगा | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 136.000 |
| | योग | 65.000 | 87.000 | 152.000 | 0.000 | 1.000 | 1.000 | 1.000 | 0.000 | 1.000 | 5297.450 |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 414) के भाग (ख) की जानकारी ]

**धमधा विधान सभा क्षेत्र में नदी तट पर स्थित ग्रामों का नाम एवं नदी तट के कटाव को रोकने हेतु कार्य की अद्यतन स्थिति**

**(अ) शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम**

| स. क्र. (1) | ग्राम का नाम (2) | नदी तट के कटाव को रोकने हेतु कार्य की स्थिति (3) |
|---|---|---|
| 1. | गनियारी | निर्मित |
| 2. | मुड़पार | निर्मित |
| 3. | डांडेसरा | निर्माणाधीन |
| 4. | सहगांव | प्रस्तावित |
| 5. | झेंझरी | प्रस्तावित |
| 6. | सोनेसरार | – |
| 7. | भिंभौरी | – |
| 8. | सगनी | – |
| 9. | परसदा | – |
| 10. | पथरिया | – |
| 11. | अकोली | – |
| 12. | भटगांव | – |
| 13. | चिखली | – |

**(ब) आमनेर नदी के तट पर स्थित ग्राम**

| स. क्र. | ग्राम का नाम | नदी तट के कटाव को रोकने हेतु कार्य की स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | देऊरकोना | निर्माणाधीन |
| 2. | सुखरीकला | निर्माणाधीन |
| 3. | तुमाखुर्द | प्रस्तावित |
| 4. | खिलौराखुर्द | प्रस्तावित |
| 5. | सुखरीखुर्द | प्रस्तावित |
| 6. | मंदिर खिलौरा | प्रस्तावित |
| 7. | भाठा कोकड़ी | – |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 1308) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | जिला | विकासखण्ड | | वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2005-06 | 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | | (4) | (5) |
| 1. | बस्तर | नारायणपुर | | 843 | 100 |
| | | ओरछा | | 359 | - |
| | | बड़ेराजपुर | | - | 282 |
| | | तोकापाल | | - | 334 |
| | | केशकाल | | - | 72 |
| | | जगदलपुर | | - | 281 |
| | | फरसगांव | | - | 263 |
| | | दरभा | | - | 58 |
| | | माकड़ी | | - | 331 |
| | | बस्तर | | - | - |
| | | लोहाण्डीगुड़ा | | - | 58 |
| | | बास्तानार | | - | 141 |
| | | बकावण्ड | | - | 638 |
| | | कोण्डागांव | | - | 35 |
| | | | **योग** | **1202** | **2593** |
| 2. | दंतेवाड़ा | भैरमगढ़ | | 664 | 140 |
| | | बीजापुर | | 272 | 492 |
| | | आवापल्ली | | 29 | - |
| | | भोपालपटनम | | 39 | 121 |
| | | गीदम | | - | 1000 |
| | | सुकमा | | - | 275 |
| | | दंतेवाड़ा | | - | 963 |
| | | कटेकल्याण | | - | 1000 |
| | | छिन्दगढ़ | | - | - |
| | | कोंटा | | - | - |
| | | कुआकोण्डा | | - | 820 |
| | | | **योग** | **1004** | **4811** |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 1593) के भाग (क) की जानकारी ]

**रायपुर जिले में छुरा/गरियाबंद तथा फिंगेश्वर विकासखंड में मछली पालन कार्यक्रम के तहत् वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में विकासखण्डवार चलाई गई योजनाएं एवं उस पर किए गए खर्च की जानकारी निम्नानुसार है :—**

राशि रु. लाख में

| क्र. | विकासखण्ड | चलाई गई योजनाएं | किया गया खर्च | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | छुरा | **राज्य पोषित योजना** | | | |
| | | पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को अनुदान सहायता. | 0.05 | - | 0.13 |
| | | मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा | 0.029 | 0.031 | 0.034 |
| | | **मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण** | | | |
| | | विभागीय प्रशिक्षण | 0.125 | - | 1.025 |
| | | **मत्स्य पालन प्रसार** | | | |
| | | पाली कल्चर योजना के रूप में झींगा पालन | 0.525 | 0.75 | - |
| | | जलाशय मत्स्योद्योग विकास | - | 0.541 | - |
| | | मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन (अजा) हेतु | - | - | 1.20 |
| | | **केन्द्र पोषित योजना** | | | |
| | | मत्स्य कृषक विकास अभिकरण अनुदान | - | 0.156 | - |
| | | अभिकरण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण | 0.22 | 0.24 | - |
| | | **योग** | **0.949** | **1.718** | **2.389** |
| 2. | गरियाबंद | **राज्य पोषित योजना** | | | |
| | | पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को अनुदान सहायता. | - | - | 0.044 |
| | | मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा | 0.0347 | 0.0358 | 0.0375 |
| | | **मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण** | | | |
| | | विभागीय प्रशिक्षण | - | - | 0.475 |
| | | मत्स्य बीज उत्पादन | 0.699 | 28.743 | 1.000 |
| | | **मत्स्य पालन प्रसार** | | | |
| | | पाली कल्चर योजना के रूप में झींगा पालन | 0.375 | - | - |
| | | जलाशय मत्स्योद्योग विकास | - | 0.011 | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **केन्द्र पोषित योजना**<br>मत्स्य कृषक विकास अभिकरण अनुदान | 0.065 | 0.059 | 0.112 |
| | | अभिकरण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण | 0.11 | 0.22 | - |
| | | **योग** | **1.2657** | **29.0688** | **1.6685** |
| 3. | फिंगेश्वर | **राज्य पोषित योजना**<br>पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को अनुदान सहायता. | 0.050 | 0.050 | 0.073 |
| | | मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा | 0.064 | 0.066 | 0.067 |
| | | **मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण**<br>विभागीय प्रशिक्षण | 0.25 | 0.937 | 0.25 |
| | | प्रदेश के बाहर अध्ययन भ्रमण | 0.08 | 0.02 | - |
| | | **मत्स्य पालन प्रसार**<br>पाली कल्चर योजना के रूप में झींगा पालन | 0.375 | - | - |
| | | जलाशय मत्स्योद्योग विकास | 0.06 | - | - |
| | | जलाशयों में मत्स्याखेट उपकरण नाव जाल प्रदाय (अजजा) | - | - | 0.20 |
| | | मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन (अजा) हेतु | - | - | 0.60 |
| | | **केन्द्र पोषित योजना**<br>मत्स्य कृषक विकास अभिकरण अनुदान | 0.100 | 0.326 | 0.448 |
| | | अभिकरण योजनान्तर्गत प्रशिक्षण | 0.132 | 0.22 | - |
| | | **योग** | **1.111** | **1.619** | **1.638** |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 1589) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | खाद का नाम | क्रय दर प्रति मे. टन | कंपनी का नाम | | क्रय मात्रा (मे. टन) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | | (5) |
| 1. | यूरिया | 4815.20 | इफको | | 29961.650 |
| | | | कृभको | | 44407.350 |
| | | | एन. एफ. एल. | | 49559.700 |
| | | | आर. सी. एफ. | | 11519.750 |
| | | | जी. एन. व्ही. एफ. सी | | 2985.800 |
| | | | नागार्जुना | | 3100.300 |
| | | | आई. पी. एल. | | 834.000 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 29978.050 |
| | | | | **योग** | **172346.600** |
| 2. | एस. एस. पी. पूर्व दर पर | 3500.00 | बी. ई. सी. | | 17664.000 |
| | | | जयराम | | 6508.500 |
| | | | श्रीराम | | 2849.750 |
| | | | सुहाने एग्रो | | 703.950 |
| | | | राम्मा फास्फेट | | 859.900 |
| | | | एग्रोफास | | 107.000 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 3704.650 |
| | | | | **योग** | **32397.750** |
| | एस. एस. पी. संशोधित दर | 3820.00 | बी. ई. सी. | | 3864.250 |
| | | | जयराम | | 549.150 |
| | | | सुहाने एग्रो | | 208.000 |
| | | | मधु फर्टिलाइजर | | 1047.050 |
| | | | | **योग** | **5668.450** |
| 3. | डी. ए. पी. | 9438.00 | इफको | | 25571.600 |
| | | | पी. पी. एल. | | 23930.150 |
| | | | गोदावरी | | 4910.200 |
| | | | कोरोमंडल | | 60.000 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 7394.900 |
| | | | | **योग** | **61866.850** |
| 4. | एन. पी. के. (12:32:16) | 8533.20 | इफको | | 21366.650 |
| | | | पी. पी. एल. | | 3991.950 |
| | | | गोदावरी | | 2026.600 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 2411.750 |
| | | | | **योग** | **29796.950** |

| (1) | (2) | (3) | (4) | | (5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | एम. ओ. पी. | 4425.20 | आई. पी. एल. | | 15823.550 |
| | | | पी. पी. एल. | | 121.000 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 7405.850 |
| | | | | योग | **23350.400** |
| 6. | जिंक सल्फेट | 24300.00 | ओम केमिकल्स | | 107.600 |
| | | | सुहाने एग्रो | | 58.000 |
| | | | मधु फर्टिलाईजर | | 8.000 |
| | | | ए. एस. फर्टि. | | 58.960 |
| | | | | योग | **232.560** |
| 7. | जिप्सम | 2200.00 | मधु फर्टिलाईजर | | 437.200 |
| | | | सुहाने एग्रो | | 323.050 |
| | | | | योग | **760.250** |
| 8. | 10:26:26 | 8408.40 | इफको | | 50.000 |
| | | | | योग | **50.000** |
| 9. | 14:35:14 | 8694.40 | मधु फर्टिलाईजर | | 17.000 |
| | | | | योग | **17.000** |
| 10. | 28:28:00 | 9183.20 | कोरोमंडल | | 82.000 |
| | | | | योग | **82.000** |
| | | | | **महायोग** | **326568.810** |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1601) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित पशु औषधालयों के नाम विकासखण्डवार निम्नानुसार है :—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पशु औषधालय कोसा | विकासखण्ड- पामगढ़ |
| 2. | पशु औषधालय कोसीर | विकासखण्ड-पामगढ़ |
| 3. | पशु औषधालय लोहर्सी | विकासखण्ड-पामगढ़ |
| 4. | पशु औषधालय नवागढ़ | विकासखण्ड-नवागढ़ (जांजगीर) |
| 5. | पशु औषधालय कनरदा | विकासखण्ड-नवागढ़ (जांजगीर) |
| 6. | पशु औषधालय बिर्रा | विकासखण्ड-बम्हनीडीह |

प्रपत्र "ब"

**पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में जर्जर भवन वाले पशु औषधालयों की सूची—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पशु औषधालय कनस्दा | विकासखण्ड-नवागढ़ (जांजगीर) |
| 2. | पशु औषधालय नवागढ़ | विकासखण्ड-नवागढ़ (जांजगीर) |

प्रपत्र "स"

**पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत पशु औषधालयों में स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की जानकारी**

| क्र. (1) | संस्था का नाम (2) | पदनाम (3) | स्वीकृत पद (4) | कार्यरत पद (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **विकासखण्ड-पामगढ़** | | | |
| | 1. पशु औषधालय-कोसा | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | एक |
| | | परिचारक | एक | एक |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | - |
| | 2. पशु औषधालय कोसीर | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | एक |
| | | परिचारक | एक | एक |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | - |
| | 3. पशु औषधालय लोहर्सी | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | - |
| | | परिचारक | एक | एक |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | - |
| 2. | **विकासखण्ड नवागढ़** | | | |
| | 1. पशु औषधालय नवागढ़ | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | एक |
| | | परिचारक | एक | एक |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | - |
| | 2. पशु औषधालय कनस्दा | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | एक |
| | | परिचारक | एक | - |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | एक |
| 3. | **विकासखण्ड बम्हनीडीह** | | | |
| | 1. पशु औषधालय बिर्रा | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | एक | - |
| | | परिचारक | एक | एक |
| | | स्वच्छकर्त्ता/परिचारक सह चौकीदार | एक | - |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 1417) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक (1) | कारखानें का नाम (2) | जांच दिनांक (3) |
|---|---|---|
| 1. | बलदेव एलॉयज प्रायवेट लिमिटेड सिलतरा फेस-2, रायपुर | 19-12-2006 |
| 2. | रायपुर एलॉयज एण्ड स्टील लिमिटेड, सिलतरा फेस-1, रायपुर | 07-04-2007 |
| 3. | एस. के. एस. इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड, सिलतरा, फेस-2, रायपुर | 07-04-2007 |
| 4. | वंदना ग्लोबल लिमिटेड सिलतरा फेस-2, रायपुर | 10-04-2007 |
| 5. | गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, सिलतरा, फेस-2, रायपुर | 14-01-2008 |